आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

18.45 बुधवार 04.11.2026

मुख्य समाचारः–

1– केंद्रीय मंत्रिमंडल ने चार वर्ष की सेवा के बाद अग्निवीरों का कार्यकाल दो वर्ष बढ़ाने को मंजूरी दी।

2– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल नई दिल्ली में एशियाई पैरा खेल में भाग लेने वाले भारतीय खिलाड़ियों से बातचीत करेंगे।

3– मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ को प्राकृतिक संसाधनों के साथ ज्ञान, विज्ञान, तकनीक और नवाचार की शक्ति से समृद्ध बनाना राज्य सरकार का संकल्प।

4– महादेव ऑनलाइन सट्टा ऐप मामले के मुख्य आरोपी सौरभ चंद्राकर को आज रायपुर की सीबीआई कोर्ट में पेश किया गया–कोर्ट ने आठ दिन की कस्टोडियल रिमांड मंजूर की।

केंद्रीय मंत्रिमंडल–अग्निवीर

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने चार वर्ष की सेवा पूरी करने के बाद सेवा से बाहर होने वाले अग्निवीरों की सेवा अवधि दो वर्ष बढ़ाने को मंजूरी दे दी है। नई दिल्ली में आज मंत्रिमंडल की बैठक के बाद मीडिया को जानकारी देते हुए प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल एन.एस. राजा सुब्रमणि ने बताया कि सेवा से बाहर होने वाले पचहत्तर प्रतिशत अग्निवीरों को अब दो वर्ष का अतिरिक्त सेवा अवसर दिया जाएगा। इसके बाद सशस्त्र बलों में बने रहने के इच्छुक अग्निवीरों को सेना में शामिल किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पच्चीस प्रतिशत अग्निवीरों को योग्यता के आधार पर नियमित बलों में शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सेवा अवधि बढ़ने के साथ अग्निवीरों को अधिक पारिश्रमिक भी मिलेगा। जनरल राजा सुब्रमणि ने बताया कि अग्निपथ योजना वर्ष दो हजार बाईस में शुरू हुई थी। उस समय यह तय किया गया था कि अग्निवीरों के प्रदर्शन का लगातार मूल्यांकन किया जाएगा और योजना की समय–समय पर समीक्षा होगी।

वहीं, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने विशेष फास्ट ट्रैक अदालतों की केंद्र प्रायोजित योजना को आगामी पांच वर्ष के लिए जारी रखने की मंजूरी दी है। इसमें विशेष रूप से पॉक्सो मामलों की सुनवाई के लिए बनाई गई अदालतें भी शामिल हैं। योजना के अंतर्गत विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में साढ़े आठ सौ फास्ट ट्रैक विशेष अदालतें संचालित करने का प्रावधान है। यह योजना मार्च दो हजार इकतीस तक जारी रहेगी।

प्रधानमंत्री–एशियाई पैरा खेल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल नई दिल्ली के इंदिरा गांधी खेल परिसर में एशियाई पैरा खेल – दो हजार छब्बीस में भाग लेने वाले भारतीय खिलाड़ियों से बातचीत करेंगे। इस अवसर पर श्री मोदी वहां उपस्थित लोगों को भी संबोधित करेंगे। भारत ने जापान के आइची–नागोया में आयोजित एशियाई पैरा खेलों में अब तक का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। देश के संतानवे पैरा खिलाड़ियों ने कुल एक सौ चौदह पदक जीते। इनमें तीस स्वर्ण, पैंतीस रजत और उनचास कांस्य पदक शामिल हैं। कार्यक्रम में पदक विजेता खिलाड़ी, उनके प्रशिक्षक, भारतीय पैरालंपिक समिति और भारतीय ओलंपिक संघ के अधिकारी, राष्ट्रीय खेल महासंघों के प्रतिनिधि तथा युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के अधिकारी शामिल होंगे।

एसआईआर–फॉर्म 6

भारत निर्वाचन आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण–एस.आई.आर. के दौरान जारी मसौदा मतदाता सूची में नाम नहीं होने पर पहले से पंजीकृत मतदाताओं द्वारा फॉर्म–छह जमा करने के संबंध में स्पष्टीकरण जारी किया है। सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य चुनाव अधिकारियों को लिखे पत्र में आयोग ने कहा है कि ऐसे मामलों में फॉर्म–छह जमा करना, गलत घोषणा नहीं माना जाएगा और न ही इस पर जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के अंतर्गत कोई कार्रवाई की जाएगी।

मुख्यमंत्री–बैठक

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि छत्तीसगढ़ को प्राकृतिक संसाधनों के साथ ज्ञान, विज्ञान, तकनीक और नवाचार की शक्ति से समृद्ध बनाना राज्य सरकार का संकल्प है। मुख्यमंत्री ने आज रायपुर में भारतीय विज्ञान संस्थान बेंगलुरु के निदेशक प्रोफेसर जी. रंगराजन और संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिकों तथा राज्य सरकार के अधिकारियों के साथ आयोजित उच्च स्तरीय बैठक को संबोधित करते हुए यह बात कही। बैठक में भारतीय विज्ञान संस्थान और छत्तीसगढ़ सरकार के बीच तीन महत्वाकांक्षी परियोजनाओं पर सहयोग की संभावनाओं को लेकर विचार–विमर्श हुआ। इनमें प्रदेश में विश्व स्तरीय मटेरियल कैरेक्टराइजेशन और टेस्टिंग सेंटर तथा विज्ञान और गणित शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना का प्रस्ताव शामिल हैं। बैठक में छत्तीसगढ़ को विज्ञान, प्रौद्योगिकी, उच्च शिक्षा, कौशल विकास और चिकित्सा अनुसंधान के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित करने की संभावनाओं पर विचार–विमर्श किया गया।

राज्योत्सव–प्रदर्शनी

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के छब्बीस वर्ष पूरे होने पर नवा रायपुर में आयोजित राज्योत्सव में वन और जलवायु परिवर्तन विभाग की प्रदर्शनी को प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ है। राज्योत्सव के तीसरे दिन कल राज्य अलंकरण समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने यह सम्मान प्रदान किया। 'बदलता बस्तर–संवरता छत्तीसगढ़' थीम पर तैयार इस प्रदर्शनी में बस्तर में शांति के साथ बढ़ते पर्यटन और आजीविका के अवसरों से लेकर प्रदेश में वन और वन्यजीव संरक्षण की पहलों को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया गया।

इस उपलब्धि पर वन मंत्री केदार कश्यप ने विभागीय अधिकारियों– कर्मचारियों और वन–धन केंद्रों से जुड़े सदस्यों को बधाई दी है।

सौरभ चंद्राकर–सीबीआई

महादेव ऑनलाइन सट्टा ऐप मामले के मुख्य आरोपी सौरभ चंद्राकर को आज रायपुर की सीबीआई कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने सीबीआई को आठ दिन की कस्टोडियल रिमांड मंजूर की है। सीबीआई की टीम अब सौरभ चंद्राकर को दिल्ली लेकर जाएगी, जहां उससे पूछताछ होगी। रिमांड अवधि खत्म होने के बाद सौरभ चंद्राकर को बारह नवंबर को फिर से कोर्ट में पेश किया जाएगा।

गौरतलब है कि करीब छह हजार करोड़ रुपए के सट्टा घोटाले में आरोपी सौरभ चंद्राकर को कल सीबीआई की टीम दिल्ली से रायपुर लेकर आई थी। इससे पहले, सौरभ चंद्राकर को सोमवार को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया था।

मुख्य सचिव–बैठक

मुख्य सचिव विकासशील ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में सिनेमैटिक और प्राकृतिक दृश्यों की अपार संभावनाएं हैं। आज मंत्रालय में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में मुख्य सचिव ने कहा कि राज्य के प्राकृतिक सौंदर्य, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और विविध पर्यटन स्थलों को देश–विदेश के फिल्म निर्माताओं के समक्ष प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने की आवश्यकता है। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश में फिल्म शूटिंग के लिहाज से उपयुक्त स्थलों की पहचान कर उन्हें तेजी से विकसित किया जाए। मुख्य सचिव ने कहा कि फिल्म निर्माण गतिविधियों के बढ़ने से पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा मिलने के साथ ही स्थानीय कलाकारों, तकनीशियनों, होटल उद्योग और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। बैठक में राज्य की मौजूदा फिल्म नीति को और अधिक व्यावहारिक बनाने पर विचार–विमर्श किया गया।

बीजापुर–वार्तालाप

पत्र सूचना कार्यालय–पीआईबी रायपुर द्वारा आज बीजापुर जिले के गर्ल्स पोटाकेबिन ऑडिटोरियम में 'वार्तालाप'' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ''शांति से विकास की ओर'' विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम में कलेक्टर विश्वदीप ने जिले में चल रहे विकास कार्यों और आगामी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि माओवाद का प्रभाव कम होने के बाद जिले में विकास कार्यों को गति मिली है। पिछले तीन वर्षों में नब्बे से अधिक गांवों तक बिजली पहुंचाई गई है, जबकि पचास से ज्यादा गांवों में विद्युतीकरण का कार्य जारी है। वहीं, जिले में एक हजार किलोमीटर से अधिक सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। कलेक्टर ने बताया कि विकसित भारत–जी राम जी योजना के तहत जिले में अस्सी करोड़ रुपये से अधिक के कार्य स्वीकृत किए गए हैं।

एनएमएमएसई–परीक्षा तिथि

राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा –एन.एम.एम.एस.ई. की तारीख बदल दी गई है। अब यह परीक्षा बारह दिसंबर की जगह अगले साल तीन जनवरी को होगी। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। मंडल ने पहले इस परीक्षा के आयोजन के लिए बारह दिसंबर की तारीख तय की थी। इसी दिन केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई द्वारा सी–टेट की परीक्षा बारह और तेरह दिसंबर को छत्तीसगढ़ के विभिन्न केंद्रों में आयोजित की जाएगी। दोनों परीक्षाओं के एक ही समय पर होने से परीक्षा केंद्रों की व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका को देखते हुए परीक्षा की तिथि में बदलाव किया गया है।

स्वामी आत्मानंद स्कूल–उत्तर पुस्तिका

प्रदेश के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में एक हजार आठ सौ बारह रिक्त संविदा पदों पर भर्ती के लिए आयोजित कम्प्यूटर आधारित परीक्षा की उत्तर पुस्तिका कल पांच नवंबर को जारी की जाएगी। अभ्यर्थी आठ नवंबर तक उत्तर पुस्तिका पर ऑनलाइन दावा–आपत्ति दर्ज करा सकेंगे।

लोक शिक्षण संचालनालय के अनुसार इन पदों पर संविदा भर्ती परीक्षा इकतीस अक्टूबर से आज शाम तक विभिन्न पालियों में आयोजित की गई। परीक्षा में साढ़े अट्ठाईस हजार से अधिक अभ्यर्थी शामिल हुए।

मौसम

मौसम विभाग के अनुसार दक्षिण तटीय आंध्रप्रदेश में बने अवदाब के प्रभाव से अगले चौबीस घंटों के दौरान छत्तीसगढ़ के दक्षिणी हिस्सों में एक–दो स्थानों पर गरज–चमक के साथ हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। वहीं, कुछ स्थानों पर आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी दी गई है।

संक्षिप्त समाचार

– एंटी करप्शन ब्यूरो–एसीबी की टीम ने राजनांदगांव जिले के बसंतपुर थाना में पदस्थ प्रधान आरक्षक किशोर यादव को बीस हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

– कोरबा जिले में आज कुसमुंडा–गेवरा मुख्य मार्ग पर दो वाहनों के बीच टक्कर होने से एक युवती सहित दो लोगों की मौत हो गई।

– जनजातीय गौरव सप्ताह के तहत सारंगढ़ के शासकीय लोचन प्रसाद महाविद्यालय में कल 'जनजातीय गौरव ज्ञान प्रतियोगिता' का आयोजन किया जाएगा।

– दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल के अंतर्गत भाटापारा–हथबंद रेलखंड पर सिद्धबाबा रेलवे समपार फाटक पर मरम्मत कार्य के चलते सड़क यातायात आज सुबह नौ बजे से छह नवंबर की शाम छह बजे तक बंद रहेगा।